संक्षिप्त

हजारों लीटर व्यर्थ बह रहा पेयजल

डूंगरपुर। शहर में पाइप लाईन लीकेज के कारण हजारों लीटर पीने का पानी सडकों और नालियों में बह रहा है। जलदाय विभाग और ठेकेदार इस लीकेज को ठीक करने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं, जिससे एक तरफ पानी बर्बाद हो रहा है, वहीं दूसरी ओर शहर की कई कॉलोनियों में पानी की किल्लत बनी हुई है। यह समस्या डूंगरपुर शहर में आईटीआई कॉलेज के पास मुख्य पाइपलाइन में कई दिनों से बनी हुई है। पिछले महीने सीवरेज पाइप लाईन बिछाने के लिए यहां खुदाई की गई थी। पाइप लाईन डालने के बाद गड्ढे को मिट्टी से भर दिया गया,लेकिन क्षतिग्रस्त या लीक हो चुकी पानी की पाइपलाइन को ठीक नहीं किया गया। इस लापरवाही के कारण टूटी हुई पाइप लाईन से हजारों लीटर साफ पानी लगातार बह रहा है। यह पानी जमीन से निकलकर सडक पर जमा हो रहा है और फिर सडक के दूसरी ओर नालियों में बहकर बर्बाद हो रहा है। एक तरफ जहां पीने का साफ पानी व्यर्थ बह रहा है, वहीं शहर की कई कॉलोनियों में लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

नकदी व दस्तावेज चोरी

उदयपुर, (कासं)। मालिक ने कार चालक के खिलाफ कार से नकदी व जेवरात से भरा बैग चुरा ले जाने का हाथीपोल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार राहुल कुमार पुत्र सिनल कुमार सेन निवासी भट्टजी की बाडी अम्बामाता मंदिर के पास ने कार चालक हिरालाल कुमावत निवासी झाड़ोल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 27 अक्टूबर को मैं चालक हीरालाल को लेकर झाड़ोल जमीन की रजिस्ट्री कराने गया था। वहां से वापस उदयपुर लौट कर कोर्ट चौराहा के पास स्थित दुकान पर दस्तावेज का काम करवा रहा था। इस दौरान चालक के भरोसे कार छोड़ी थी। वापस लौटा तो कार से 2 लाख रूपये नकदी एवं रजिस्ट्रीयों से भरा बैग गायब था। इसको लेकर पूछताछ की तो चालक ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। शंका के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएसआई शंभुसिंह कर रहे है।

दुकान से मोबाइल चोरी, मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। सूरजपोल थाना क्षेत्र में स्थित दुकान से चोर मोबाईल चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायल रोज नवरत्न कॉम्प्लेक्स भुवाणा निवासी छोटू सिंह पुत्र गोविन्दसिंह ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।

सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरी : प्रो. सारंगदेवोत

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से आयोजित सात दिवसीय सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय के खेल मैदान पर किया गया। पारम्परिक खेलों में विद्यार्थियों का उत्साह देखने को मिला। विशेषकर छात्राओं ने कबड्डी में अपनी खेल प्रतिभा को दिखाया। विजयी प्रतिभागियों को आगामी 15 दिसम्बर को होने वाले वार्षिकोत्सव समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

- **सांस्कृतिक साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता पारम्परिक खेलों में दिखाया उत्साह**

उदयपुर में राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारंभ कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, राज्यपाल के सलाहकार प्रो. कैलाश सोडाणी का कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. युवराज सिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि खेलों से जीवन में आगे बढने एवं टीम भावना जागृत होती है। सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरी है। खेल प्रभारी डॉ. रोहित कुमावत ने बताया कि छात्र वर्ग की 100 मीटर दौड़ में विजय सिंह मीणा, अल्केश मेघवाल, लक्षित मेनारिया - 200 मीटर में हंसराज मीणा, अम्बा लाल मीणा, पुरण मल गाडरी, 400 मीटर में सागर मेनारिया, जोगाराम, कुंदन चौबीसा- छात्रा वर्ग में 100 मीटर में कल्पना कुंवर देवडा, निर्मला नाथ, गायत्री सालवी, 200 मीटर में कल्पना देवडा, पायज गुर्जर, अमीशा मीणा, 400 मीटर में ज्योति कुंवर, कल्पना कुंवर, कुसुम डांगी प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान पर रहे। तश्तरी फैंक में छात्र वर्ग में श्रवण कुमार, लक्षित मेनारिया, अनिल सुथार, छात्रा वर्ग में ज्योति कुंवर ,फिरदोस बानू, माया कुमारी प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान पर रहे। गोला फैंक में छात्र वर्ग में जितेन्द्र , मोहन लाल, अल्केश मेघवाल, छात्रा वर्ग में गायत्री, कुसुम, पायल प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, समाजसेवी भरतभानु सिंह देवडा, अरविंद बडाला, डॉ. रचना राठौड, डॉ. अमी राठौड, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. बीएल श्रीमाली, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, डॉ. अमीत बाहेती, डॉ. निवेदिता, डॉ. अनिता कोठारी, डॉ. रोहित कुमावत, डॉ. हरीश चौबीसा, डॉ. अमित दवे, डॉ. हरीश मेनारिया सहित संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जलग्रहण विकास के नवाचारों पर हुआ मंथन

उदयपुर, (कासं)। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत संभाग स्तरीय वाटरशेड महोत्सव 2025 का आयोजन शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार, टाउन हॉल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक उदयपुर ग्रामीण माननीय फूल सिंह मीणा, जिला परिषद सीईओ रिया डाबी ने की। महोत्सव में विभागीय अधिकारियों, सामाजिक संगठनों व विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने जलग्रहण विकास के क्षेत्र में किए जा रहे नवोन्मेषी कार्यों को साझा किया

महोत्सव के दौरान राजीविका, अर्पण सेवा संस्थान, महान सेवा संस्थान सहित संभाग के सभी जिलों द्वारा मॉडल प्रदर्शनी, पीपीटी और वीडियो फिल्म के माध्यम से जलग्रहण कार्यों की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विधायक मीणा, जिला परिषद सीईओ रिया डाबी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण अतुल जैन तथा भारत सरकार के वाटर हीरो डॉ. पी.सी. जैन ने मुख्य आकर्षण रहा वाटरशेड महोत्सव कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। जलग्रहण कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सरपंचों, जलग्रहण योद्धाओं, जलग्रहण विकास समिति सदस्यों तथा सामाजिक संगठनों को सम्मानित किया गया।

तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का समापन

बांसवाड़ा में वंदे मातरम के 150 वर्ष पर आयोजित मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

बांसवाड़ा, (कासं)। देश को आजादी दिलाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियो के त्याग और बलिदान को स्मरण कराते हुए कहा कि भारत माता को आजादी दिलाने के लिए अनेक स्वतंत्रता सेनानियो ने अपने जीवन की कुर्बानी दी है। यह बात जिलाध्यक्ष पूंजीलाल गायरी ने भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय ,डूगरपुर द्वारा तीन से श्री गोविन्द गुरू राजकीय महाविधालय, बांसवाड़ा के सभागार में वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पर आयोजित तीन दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही। उन्होंने सभी धर्म, जाति वर्ग के लोगों से आव्हान किया कि देश की एकता, अखंडता एवं भारत के वैभव को बनाए रखने के लिए मिलकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर नागरिक राष्ट प्रेम के भाव से काम करे तो निश्चय ही हम भारत को विश्व गुरु के रूप में पुनः स्थापित कर सकेगे। मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का समापन हुआ। केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रदर्शनी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। महिला पर्यवेक्षक नीलिमा वर्मा एवं शालिनी नागर ने बताया की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण योजना है।

असिस्टेंट प्रो. भर्ती पर असमंजस

उदयपुर, (का.सं.)। कॉलेज शिक्षा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा को लेकर परीक्षार्थी असमंजस में है। परीक्षा 7 से 20 दिसंबर तक प्रस्तावित है लेकिन बुधवार को हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। कोर्ट के आदेश के बाद भी आयोग ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि परीक्षा स्थगित होगी या तय कार्यक्रम के अनुसार ही ली जाएगी। अभ्यर्थियों में भ्रम इसलिए भी बढ गया है क्योंकि परीक्षा से ठीक पहले न एडमिट कार्ड जारी हुए न ही आयोग की ओर से कोई आधिकारिक स्थिति सामने आई है। कोर्ट के निर्देश के बाद अब परीक्षा का मौजूदा शेड्यूल टलने की पूरी संभावना है। आरपीएससी ने 4 दिसंबर से एडमिट कार्ड अपलोड करने की बात कही थी लेकिन हाईकोर्ट की रोक लगते ही यह प्रक्रिया ठप हो गई। अब तक एडमिट कार्ड जारी नहीं हुए है। परीक्षा की तारीख करीब होने के बावजूद स्पष्ट घोषणा न होने से अभ्यर्थी तैयारी और यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर दुविधा में हैं।हाईकोर्ट में यह रोक यदुराज और अन्य अभ्यर्थियों की याचिका पर लगी। जस्टिस अशोक कुमार जैन की अदालत ने कहा कि आरपीएससी पहले परीक्षा का सिलेबस जारी करे और सिलेबस जारी होने के 30 दिन बाद ही परीक्षा करवाई जा सकती है।

'वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश लेकर भारत बनेगा विश्व गुरू'

उदयपुर। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरखपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के गुरूभाई एवं विश्व हिन्दू महासंघ भारत के राष्ट्रीय संयोजक महंत मुकेश नाथ महाराज दो दिवसीय मेवाड दौरे पर शुक्रवार को उदयपुर पहुंचे। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु अवश्य बनेगा, क्योंकि भारत में वे सब क्षमताएं हैं जो विश्व गुरु बनने के लिए चाहिए।

- **उदयपुर पहुंचे विश्व हिन्दू महासंघ भारत के राष्ट्रीय संयोजक महंत मुकेश नाथ महाराज**

महंत मुकेश नाथ महाराज ने कहा कि पैसे से कोई बडा नहीं बनता। इसके लिए योग्यताएं भी चाहिए। आज विदेश के लोग भी भारत का लोहा मानते हैं इसलिए कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम पर चलता है। अनेकता में एकता भारत की मूलभूत विशेषता है। हम सबको साथ लेकर चलते हैं। सभी को भाई बंधु मानते हैं। हम श्रीलंका और बांग्लादेश तक को सहयोग करते हैं। धर्मान्तरण के मसले पर पूछे गए प्रश्न पर महंत मुकेश नाथ महाराज ने कहा कि धर्म परिवर्तन एक गंभीर मामला है। विश्व हिन्दू महासंघ इसका विरोध करता है, लेकिन इसको खत्म करने की एक कानूनी प्रक्रिया है जिसके लिए केंद्र व राज्य सरकारों को काम करना चाहिए। यह धार्मिक या सामाजिक संगठनों का विषय या काम नहीं है। ऐसे ही सरकारों को गौरक्षा पर भी ध्यान देना चाहिए। 6 दिसंबर को हिन्दू विजय दिवस मनाने को लेकर किए गए प्रश्न पर भी महाराज ने कहा कि जिसको इसको लेकर खुशी है वह मनाएगा और जिसको नहीं है वह नहीं मनाएगा। 6 दिसंबर कोई त्यौहार या फेस्टिवल नहीं है इसलिए जिसकी जैसी इच्छा होगी वैसा मनाएगा। अयोध्या मंदिर के बाद काशी मथुरा के एजेंडे पर किए गए प्रश्न पर महाराज ने कहा कि काशी मथुरा को लेकर प्रशासनिक व्यवस्थाएं हैं, कई सारी कानून अडचने हैं और यह राजनीतिक लोगों का काम है। हम धर्मनीत पर चलने वाले लोग हैं। काशी मथुरा में मंदिर बनाना कोर्ट व राजनीतिक लोगों का काम है। बाबरी मस्जिद का पुनः निर्माण करने को लेकर मुस्लिम नेता मदनी की ओर से दिए गए बयान पर महाराज ने कहा कि ये सोच उनकी है कि वो फिर से मस्जिद बनाएंगे। लेकिन उनको इसके लिए वापस से संविधान में संशोधन लाना पडेगा। अब बाबरी का कोई अस्तित्व नहीं है और पुनः कभी भी नहीं बन पाएगी।

महंत मुकेश नाथ महाराज ने कहा कि भारत एक विशाल देश है और सामाजिक समानता व धर्म निरपेक्षता यहां की विशेषता है। यहां जो भारतीयता की बात करेगा वह भारत का है और अनेकता की बात करेगा चाहे वो हिन्दू ही क्यों न हो वह राष्ट्रद्रोही होगा। उन्होंने कहा कि महासंघ हिन्दुत्व व सनातन का विस्तार करने का काम करता है। भारत को हिन्दू राष्ट बनाने की दिशा में काम करता है और एक दिन भारत हिन्दू राष्ट बनेगा। उन्होंने कहा कि हिन्दू राष्ट बनेगा भारत, राम राज्य फिर आएगा, फिर से जलेगी लंका और रावण भी मारा जाएगा।

कैंसर का निदान व उपचार पर संगोष्ठी

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उदयपुर में आज गीतांजली कैंसर सेंटर और डिपार्टमेंट ऑफ रेस्पिरेटरी एंड पल्मोनरी मेडिसिन द्वारा 'फेफडों के कैंसर का निदान एवं उपचार' विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में फेफडों के कैंसर से जुडे विभिन्न पहलुओं-जैसे निदान की चुनौतियाँ, ईबीयूएस की भूमिका, आधुनिक उपचार पद्धतियाँ, सर्जिकल अप्रोचेस और रेडियोथेरेपी के महत्व-पर विशेषज्ञ वक्ताओं डॉ. गौरव छाबडा, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. रेनू मिश्रा, डॉ. आशीष जखेटीया और डॉ. रमेश पुरोहित ने विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित डॉक्टरों और रेसिडेंट्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. (प्रो.) हरप्रीत सिंह ने बताया कि ऐसी शैक्षणिक गतिविधियाँ डॉक्टरों को नवीनतम चिकित्सा तकनीकों से जोडती हैं और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: F.7/ |B.PLAN/MISC/2025-26/1920 **आम सूचना** दिनांक : 4/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/ योजना	खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री गणपत लाल अग्रवाल पिता श्री रामेश्वरलाल अग्रवाल एवं श्रीमती उषा किरण अग्रवाल पत्नी श्री गणपत लाल अग्रवाल	चित्रकुट नगर भुवाणा आवासीय योजना	ब्लॉक-ए	संयुक्ति कृत भूखण्ड 172+ 173	6849.70 वर्गफीट	सुखेर खेलगांव -सडक से भुवाणा प्रताप नगर बाईपास को जाने वाली 80 फीट सडक पर जनमेजय मेडिकल स्टोर के सामने स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

आरोपी गिरफ्तार

डूंगरपुर। जिले की म्बोला थाना पुलिस ने शराब तस्करी में 4 महीने से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक एंबुलेंस कार से अवैध शराब बरामद की थी। गुप्त बॉक्स में शराब छुपाकर गुजरात तस्करी कर ले जा रहे थे। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

धम्बोला थानाधिकारी ने बताया कि 5 अगस्त को अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। एक टवेरा एंबुलेंस कार को रुकवाकर तलाशी ली गई। एंबुलेंस कार में पेशेंट सीट के नीचे गुप्त बॉक्स बनाकर उसमें शराब छुपाकर रखी गई थी।

कार्यालय नगरपालिका बेगूँ जिला-चित्तौड़गढ़ (राज)

क्रमांक :-नपाबे/भूमि/2025/486 दिनांक 02.12.2025

(प्रारूप 10)

-: लोक सूचना :-

इस कार्यालय मे नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदारो/स्वामियो द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात

क्र. सं.	नाम आवेदन व खातेदार	जिले व तहसील का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षैत्रफल
1	श्री अशोक कुमार, भरत कुमार, रमेश चन्द्र, दिलीप कुमार पिता भवानी शंकर पाराशर, श्रीमति आशा देवी पति दीनबंधु पाराशर , श्री श्री अविनाश व श्री प्रिन्स पिता सुरेश चन्द्र पाराशर	बेगूँ जिला चित्तौडगढ	बेगूँ	191 गी रकबा 0.0584 हैक्टयर	6293.89 वर्गफीट

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90- क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर- भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 02.12.2025 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी)

राज.संवाद/सी/25/15235

स्मार्ट मीटर लगाने में उदयपुर अव्वल

उदयपुर, (कासं)। सरकारी महकमों में अब बिजली बिल अटकने की गुंजाइश कम हो जाएगी। जिन विभागों में समय पर बिल जमा नहीं करवाने की शिकायतें लंबे समय से चल रही थीं, उन्हें अब आरडीएसएस योजना के तहत स्मार्ट मीटरिंग से कडा नियंत्रण मिल गया है। उदयपुर जोन ने इस अभियान में 97.09 फीसदी लक्ष्य हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान बना लिया।

अधिकारियों के मुताबिक राज्य सरकार ने निर्देश दिए थे कि जिन विभागों पर दो महीने से ज्यादा बकाया है और आरडीएसएस की अदायगी नहीं की गई है,उनके बिल जमा होने तक भुगतान सरकारी दफ्तरों की जिम्मेदारी मानी जाएगी। इसके बाद सभी विभागों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेज किया गया। उदयपुर जोन ने 97.09 फीसदी लक्ष्य पूरा कर तीनों जोन में पहला स्थान हासिल किया।

सभी विभागों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेज किया गया। उदयपुर जोन ने 97.09 फीसदी लक्ष्य पूरा कर तीनों जोन में पहला स्थान हासिल किया। 30 नवंबर तक अजमेर डिस्कॉम में स्मार्ट मीटर लगाने का काम 89.05 फीसदी पूरा हुआ। तीन जोन में उदयपुर सबसे आगे रहा जहां 97.09 फीसदी विभागों में मीटर लग चुके हैं। डिस्कॉम डेटा के अनुसारए उदयपुर जोन को 30 नवंबर तक 25324 मीटर लगाने थे जबकि जोन में 24586 मीटर पहले ही लग चुके हैं। अजमेर डिस्कॉम क्षेत्र के अजमेर,उदयपुर और झुंझुनूं जोन में कुल 64238 मीटर लगाने का लक्ष्य था। इसमें से 57202 मीटर लग चुके हैं।

मेडिकल कॉलेज में बिजली गुल

डूंगरपुर। डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में पिछले 4 दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है। अधिकारी अभी तक फॉल्ट का पता नहीं लगा पाए हैं, जबकि कॉलेज का अपना जनरेटर सेट भी खराब पडा है, इस स्थिति के कारण किराए के बडे जनरेटर सेट से आंशिक रूप से बिजली की आपूर्ति की जा रही है।

थाणा स्थित डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में 1 दिसंबर से बिजली व्यवस्था ठप्प है। इससे मेडिकल छात्रों की पढाई और मेडिकल स्टाफ के कामकाज में भारी परेशानी हो रही है। छात्रों और चिकित्सकों को टाइम-टेबल के अनुसार ही बिजली मिल पा रही है। कॉलेज में बिजली की आपूर्ति बनाए रखने के लिए एक किराए का जनरेटर सेट मंगवाया गया है। हालांकिए यह सेट 24 घंटे में केवल 12 घंटे ही बिजली दे पा रहा है। बिजली विभाग 1 दिसंबर से ही फॉल्ट ढूंढने का प्रयास कर रहा है।

बेघर लोगों को रात में ढूंढेंगे नगर निगम अधिकारी

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर नगर निगम अधिकारी अब रात में गश्त करेंगे। इस दौरान शहर में फुटपाथ और रोड किनारे सोए बेघर,बेसहारा लोगों को आश्रय स्थल तक अफसर पहुंचाएंगे। इसमें निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों को शामिल किया है जो आश्रय स्थल की आकस्मिक जांच भी करेंगे।

- **फुटपाथ और रोड के किनारे सोए लोगों को पहुंचाएंगे श्रय स्थल तक**
- **सर्दी से बचाने के लिए होगी मशक्कत, उदयपुर में बनाए 7 नाइट शेल्डर में करेंगे शिफ्ट**

नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत नगर निगम 7 स्थायी आश्रय स्थल का संचालन कर रहा है। शीतलहर देखते हुए नगर निगम अफसरों ने रात में गश्त शुरू की है। इससे खुले में सोने वाले बेघर लोगों को आश्रय स्थल पहुंचाया जा सकेगा। आश्रय स्थल संचालन करने वाली संस्थाओं को भी उनके क्षेत्र में रात में सडक पर सोने वाले व्यक्तियों को भी स्थल तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

शहर के आठों सेक्टर प्रभारियों के दो-दो, स्वास्थ्य सेवक,ऑफिसर, प्रवर्तन कर्मी, माहेश्वरी,आवासन की योजना बस्ती, गोगुन्दा विहार वर्तमान में आश्रय स्थल संचालन कर रहे हैं। अधिकारियों को चेक लिस्ट के अनुसार जांच करने के निर्देश दिए हैं। जांच में आश्रय स्थल की क्षमता के अनुसार पर्याप्त बिस्तर की उपलब्धता, पेयजल की व्यवस्था,आश्रय स्थल में गर्म पानी की व्यवस्थाए भोजन,चायए नाश्ते की व्यवस्था,आश्रय स्थल में आने वाले लाभार्थी का नाम रजिस्टर में सही से लिखने के निर्देश दिए।

कार्यालय निर्मल ग्राम पंचायत पसुन्द

पंचायत समिति राजसमन्द जिला राजसमन्द

क्रमांक : 2025-26/ ग्रा.पं.प./117 दिनांक : 04/12/2025

ई- निविदा सूचना

ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों हेतु ई- निविदा क्रमांक 117/04.12.2025 के अनुसार ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सूचना का विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB - ZRR2526A0504

UBN - ZRR2526WSOB00813 To 16

ग्राम विकास अधिकारी

ग्रा. पं. पसुन्द

वार्षिकोत्सव शाश्वत 2025 का आगाज

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ के संघटक माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय के अन्तर्गत संचालित शिक्षा संकाय के बीए बीएड, बीससी बीएड की ओर से महाविद्यालय के सभागार में आयोजित वार्षिकोत्सव शाश्वत 2025 का आगाज कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, प्राचार्य डॉ. सुनिता मुर्डिया, प्रो. मलय पानेरी, डॉ. हेमेन्द्र चैधरी, डॉ. धमेन्द्र राजौरा ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीपदान कर किया।

वार्षिकोत्सव शाश्वत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

वार्षिकोत्सव के नाम के अनुरूप ही विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति के विभिन्न रूपों को जीवन्त करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई, जिसकी शुरूआत गणपति वंदना, राजस्थानी लोक नृत्य, मराठी लावणी, बंगाली नृत्य सहित संभाजीराजे नाट्यय प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथि एवं दर्शकों को मंत्रमूध व भावुक कर दिया। महाविद्यालय द्वारा आयोजित क्रिकेट, खो खो, विभिन्न प्रकार की दौड़, मेहंदी, सलाद डेकोरेशन, एकल गीत, विचित्र वेशभूषा, आशुभाषण, रंगोली, फेस पेंटिंग, काव्य पाठ, वन मिनट गेम, केश सज्जा, नेल आर्ट, मांडना, एकाभिनय, युगल नृत्य विराउट गैस कुकिंग, प्रश्नोत्तरी, समूह नृत्य, समूह लोक गीत, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित करते हुए कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों का आव्हान किया कि यदि वे आत्म विश्वास, लक्ष्य निर्धारित एवं निस्वार्थ भाव से आगे बढ़ेगे तो जीवन में कभी असफल नहीं होगें। हमें समाज, परिवार, देश के लिए भी जीना चाहिए। स्वामी विवेकांद के अनुसार हमें एक समय में एक ही काम पुरी निष्ठा , ईमादारी एवं समर्पण के साथ करना चाहिए।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ. सुनिता मुर्डिया ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में अतिथियों द्वारा डॉ. दर्शना दवे द्वारा सम्पादित पुस्तक दक्षिणी राजस्थान के चयनित आर्दभूमियों के जूप्लैंकट का पारिस्थितीकी का विमोचन किया गया। डॉ. अर्पिता मटठा, डॉ. ओजस्वी सारंगदेवोत ने किया जबकि आभार डॉ. प्रिया चैहान ने ज्ञापित किया। अवसर पर डॉ. ललित श्रीमाली, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. दर्शना दवे, डॉ.अर्पिता मट्ठा, डॉ. प्रिया चैहा, ओजस्वी सारंगदेवोत, मोनिका शांडिल्य, नलिनी चुंडावत, डॉ. धीरेन्द्र सिसोदिया, डॉ. दिपेश वत्स, संजय भारद्वाज, डॉ. दीपक दशोरा सहित महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं विधार्थियों ने जमकर लुफ्त उठाया।

जिला चिकित्सालय, अम्बामाता में रात्रीकालीन ओ.पी.डी.प्रारंभ

उदयपुर, (कासं)। प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. विपिन माथुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक मे राज्य सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार लिए गए निर्णय के तहत सुन्दरसिंह भण्डारी राजकीय जिला चिकित्सालय, अम्बामाता, उदयपुर में प्रतिदिन सायं 3 बजे से रात्रि 9 बजे तक रात्रीकालीन ओ.पी.डी. सेवायें उपलब्ध होगी।

बैठक में जिला चिकित्सालय, अम्बामाता के अधीक्षक डॉ. राहुल जैन, मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग एवं निश्चेतन विभाग के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। इसमें निर्णय लिया गया कि प्रतिदिन शिशु रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं चिकित्साधिकारी उपरोक्त समय में अपनी सेवायें देंगे जिसमें सामान्य व नॉन क्रिटिकल रोगी जिनको पेट दर्द, सिर दर्द, उल्टी, बुखार जुकाम इत्यादि सामान्य शिकायतों का ईलाज किया जाएगा व चिकित्सालय में उपलब्ध संसाधनों व चिकित्सकों की सेवायें अनुकूलतम उपयोग में ली जा सकें। अम्बामाता एवं आस-पास के निवासियों को ओ.पी.डी. समय के उपरान्त भी नॉन क्रिटिकल शिकायतो का ईलाज उपलब्ध होगा इससे प्रातःकालीन ओ.पी.डी. समय में प्रातः 9 बजे से सायं 3 बजे रोगियों की संख्या में कमी भी आएगी ।

कार्यालय ग्राम पंचायत कटेव, पंचायत समिति रिषभदेव जिला उदयपुर

क्रमांकः- 185 दिनांकः 04.12.2025

-: निविदा सूचना :- 2025-26

ग्राम पंचायत में जिला कलक्टर आपदा प्रबन्ध, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा वभाग, उदयपुर(SDRF) योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु उपापन की निविदाएं दिनांक 11.12.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB No. ZUD2526A2464

UBN No. ZUD2526WSOB02885

Tender ID: 2025_PRD_517538_1

प्रशासक ग्राम पंचायत-कटेव पं.स. ऋषभदेव, जि. उदयपुर

विकास अधिकारी ग्राम पंचायत-कटेव पं.स. ऋषभदेव, जि. उदयपुर